## शहीदी दिवस पर निकला नगर कीर्तन

**हनुमानगढ़,** (कासं)। हिन्द की चादर गुरू तेग बहादुर साहिब के 349 वें शहीदी दिहाड़े के उपलक्ष में शनिवार को जंक्शन के गांधीनगर स्थित गुरूद्वारा गुरू तेग बहादुर साहिब से नगर कीर्तन निकाला गया।

सुबह करीब नौ बजे गुरूद्वारा साहिब से श्री गुरू ग्रंथ साहिब की छत्र छाया तथा पांच प्यारों की अगुवाई में रवाना हुआ। नगर कीर्तन शहर के अलग-अलग हिस्सों से होता हुआ शाम को पुनः गुरूद्वारा साहिब पहुंचकर सम्पन्न हुआ। नगर कीर्तन रवाना होने से पहले गुरूद्वारा प्रधान मुख्य सेवादार अजीत सिंह लेघा, सचिव दर्शन सिंह ने सेवादारों को सरोपा प्रदान कर सम्मान किया। नगर कीर्तन में रागी जत्थों ने सिखी इतिहास और गुरू बाणी से संगत को निहाल किया। नगर कीर्तन में संगत वाहेगुरु का जाप सिमरन तथा शब्द गायन करते हुए चल रही थी। नगर कीर्तन के साथ-साथ झांकियां भी निकाली गई।

प्रबंधक कमेटी की ओर से निकाले गए नगर कीर्तन में शामिल संगत का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर कीर्तन गांधीनगर मोहल्ला, नहरी कॉलोनी, सेक्टर नम्बर छह, गुरूघर कलगीधर सुरेशिया, सिविल लाइंस, पत्रकार कॉलोनी, धानमंडी, सेक्टर नम्बर 12, लोको कॉलोनी से होता हुआ गुजरा। गुरूद्वारा गुरू तेग बहादुर साहिब की प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादार अजीत सिंह लेघा व सचिव दर्शन सिंह ने कहा कि गुरू तेग बहादुर ने हिन्दुओं की रक्षा के लिए अपना शीश कुर्बान कर दिया।

# मशीन में 10 रूपये का सिक्का डालो कपड़े का बैग बाहर

**बीकानेर,** (कासं)। अगर आप घर से थैला लाना भूल जाते हैं। बाजार से आपको सामान खरीदना है। पॉलिथीन के नुकसान से आप भली भांति परिचित हैं। ऐसे में अब आपको परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। रोटरी क्लब बीकानेर आद्यया एवं नगर निगम बीकानेर के संयुक्त प्रयास से राजस्थान में पहली 'क्लॉथ बैग वेडिंग मशीन' शनिवार को दो सार्वजनिक स्थलों और बाजार के पास स्थापित की गई ह

पहली मशीन कोटगेट सब्जी मण्डी के पास, सार्दुल स्कूल के आगे

- **क्लॉथ बैग वेडिंग मशीन स्थापित, पॉलिथीन मुक्त बीकानेर का अभियान आरंभ**



**संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कोटगेट सब्जी मंडी व सैटेलाइट हॉस्पिटल गंगाशहर के पास क्लॉथ बैग वेडिंग मशीन का शुभारंभ किया।**

और दूसरी मशीन गंगाशहर मुख्य बाजार स्थित राजकीय सैटेलाइट अस्पताल के आगे लगाई गई है। जिसका विधिवत उद्घाटन संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी एवं महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने दस रूपये का सिक्का मशीन में डालकर थैला प्राप्त कर किया।

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा के लिए तथा पॉलिथीन के उपयोग से सडकों, नालियों में फैलने वाली गंदगी, पशुओं द्वारा उन्हें निगल लेने से होने वाले नुकसान को देखते हुए हमारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का छोटा सा प्रयास है। महापौर सुशीला कंवर ने कहा कि हम अपेक्षा करते हैं कि इस पुनीत कार्य में शहर की जनता सहभागिता निभाते हुए हमारा सहयोग करेगी।

रोटरी क्लब आद्यया की अध्यक्ष प्रियंका बैद ने बताया कि 'क्लॉथ बैग वैडिंग मशीन' पूर्णतया कम्प्यूटराइज मशीन है। इस मशीन की लागत करीब 39 हजार रूपए की आई है। मशीन के ऊपर डिसप्ले बोर्ड लगा है। मशीन के दायें तरफ कॉइन बॉक्स में आपको दस का सिक्का डालना पड़ेगा। बांयी और बने बॉक्स से कपड़े का फोल्डिंग बैग बाहर आ जायेगा। इस मशीन में एक बार में सौ थैले उपलब्ध रहेंगे। जिनकी नियमित मॉनिटरिंग कर समय-समय पर थैले भरे जायेंगे।

सचिव तनु मेहता ने बताया कि इस अवसर पर क्लब के असिस्टेंट गवर्नर निशिता सुराणा, जागृति बोथरा, संध्या दम्माणी, अनुराधा चांडक, विनीता सावनसुखा, शीला सांखला, उर्मिला बजाज सहित गणमान्यजनों में शशि मोहन मूंधड़ा, पीडीजी अनिल माहेश्वरी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि 'क्लॉथ बैग वैडिंग मशीन' का संपूर्ण खर्च रोटरी क्लब आद्यया वहन कर रही है। बिजली का खर्च और स्थान की उपलब्धता का कार्य नगर निगम की ओर से किया गया है। प्रियंका बैद ने बताया कि इसी प्रकार तीसरी मशीन सट्टा बाजार स्थित बीकानेर भुजिया भण्डार में सोमवार को रोटरी क्लब बीकानेर आद्यया एवं बीकानेर भुजिया भण्डार के संयुक्त तत्वावधान में स्थापित की जायेगी।

## दुल्हनों ने किया निकाह कबूल

**बीकानेर,** (कासं)। कौम नागौरी तेलियान समाज का बारहवां सामूहिक विवाह समारोह कल रविवार को जैसलमेर रोड स्थित हसनैन पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रांगण में आयोजित होगा। शनिवार को दुल्हनों का इजाब यानी निकाह शहर की विभिन्न मस्जिदों के मौलवियों ने दो गवाह एवं एक वकील के समक्ष उनके घरों पर ही करवाया। इस अवसर पर शादी कमेटी की ओर से लगभग 30 लोग सहयोगी के रूप में मौजूद रहे।

देर रात तक समाज के युवा एवं सामूहिक विवाह की मुख्य कमेटी के कार्यकर्ता इस विवाह कार्यक्रम को पूर्ण रूप से अंजाम देने के लिए जुटे रहे। इस विवाह कार्यक्रम के लिए करीब 60 कमेटियां बनाई गई है। जो इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य कमेटी के दिशा निर्देश पर आयोजन को सफल बनाने के लिए लगी है।

समाज के विभिन्न मोहल्लों सिटी कोतवाली के पास स्थित मोहल्ला तेली लोहारान, मदीना मस्जिद, फड़ बाजार नई मस्जिद, रानीसर बास, सर्वोदय बस्ती , चुंगी चौकी बंगला नगर व इस्लाम नगर आदि क्षेत्रों में काफी चहल पहल रही।

लोक गीतों के स्वर आधुनिक गीत संगीत में समाज की पारंपरिक वेशभूषा पहने महिला एवं युवतियां मांगलिक कार्यों को अंजाम देने में लगी थी। वही दूल्हा पक्ष की ओर से उनके घरों में सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए हसनैन पब्लिक के चैरिटेबल ट्रस्ट में मुख्य कमेटी ने कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

## सार-समाचार

### भैंरूजी का पंचामृत से रूद्राभिषेक



**सूरदासाणी बगेची में चल रहे तीन दिवसीय भैरवाष्टमी पर पंचामृत से रूद्राभिषेक किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। नत्थूसर गेट के बाहर गोकूल सर्किल के पास स्थानीय सूरदासाणी बगेची में चल रहे तीन दिवसीय भैरवाष्टमी के तीसरे दिन विद्वान पंडितों के द्वारा गणेश पूजन करके किया गया। आयोजक राजकुमार पुरोहित ने बताया कि भैरवाष्टमी के दिन भैंरूजी के जन्मोत्सव पर सुबह भैंरूजी का यजमानों एवं बाल भक्त जीवेश, मृदुल, शिवा, पार्थ सहित अन्य बाल भक्तों द्वारा 51 किलो पंचामृत से रूद्राभिषेक व तेलाभिषेक किया। तीसरे दिवस में मंदिर के पुजारी मनोज सेवग ने बताया कि सियाणा कोडाणा भैंरूनाथ की चौकी व दरबार को रंग बिरंगी रोशनी, रंगीन गुब्बारों व पुष्प मालाओं से सजाया। उन्होंने कहा कि अमित पुरोहित द्वारा भैंरूजी की प्रतिमा का विशेष पोषाक से श्रृंगार किया गया तथा चांदी के मुकुट व छत्र द्वारा द्वारा सुषोभित किया गया। सह संयोजक शंकर पुरोहित ने बताया कि इसी कार्यक्रम में सियाणा मंदिर में संजीव व्यास व टीम द्वारा सियाणा प्रतिमा के सोने के वर्क से श्रृंगार किया गया। शाम को भैंरूनाथ के छप्पन भोग लगाया गया। मीडिया प्रभारी अजय पुरोहित ने बताया कि भैरवाष्टमी के दिन राजकुमार पुरोहित परिवार के द्वारा मंदिर प्रांगण में 121 बटुकों का पूजन कर उन्हें फल एवं दक्षिणा दी गई। छप्पन भोग के बाद भैंरूजी की महा आरती की गई जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। हर वर्ष की भांति आरती के बाद दूध व मेवा युक्त राबड़िये का प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रवीण, बसंत, अभिषेक, अंजलि, मीनाक्षी, आशा, विनोद, करनीदान, प्रीति, उमा, जीविका, विनय, सुधा, मीनाक्षी, शोभा, बृजगोपाल सहित अनेक श्रद्धालु कार्यकर्ताओं का इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग रहा।

### बालिका विद्यालय का निरीक्षण



**एडीएम ( प्रशासन ) डॉ. दुलीचंद मीना ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जैतासर का निरीक्षण किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीना ने शनिवार को श्रीडूंगरगढ़ के जैतासर स्थित राजकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में कक्षा 6 से आठ तक की पंजीकृत 102 में से 93 बालिकाएं उपस्थित मिली। सभी बच्चे सायं का नाश्ता करने के बाद खेल मैदान में खेलते नजर आये। विद्यालय अधीक्षक ने बताया कि सभी बच्चों को नियमानुसार नाश्ता एवं भोजन दिया जाता तथा उनके स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जाता है। पोषाहार बनाने वाली कार्मिकों ने उनका मानदेय कम होने की शिकायत की। विद्यालय में 13 कम्प्यूटर हैं, लेकिन कम्प्यूटर शिक्षा की जानकारी का अभाव पाया गया। एडीएम ने विद्यालय के दूसरी तरफ बने भवन का निरीक्षण किया, जो उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए बनकर तैयार हैं, लेकिन अभी तक शुरू नहीं हुआ हैं। डॉ दुलीचंद मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी को तुरंत छात्रावास चालू कराने के निर्देश दिए।

### मतदाता सूचियों में नाम जुड़ेंगे आज

**बीकानेर,** (कासं)। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत रविवार को मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान आयोजित किया जायेगा। इसके मद्देनजर जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के पर्यवेक्षक के लिए विभिन्न अधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र वार प्रभारी नियुक्त किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दुलीचंद मीणा ने बताया कि खाजूवाला विधानसभा के लिए अतिरिक्त आयुक्त उपनिवेशन बिन्दु खत्री, बीकानेर पश्चिम के लिए राजूवास की कुलसचिव देवयानी, बीकानेर पूर्व के लिए डीआईजी स्टांप मनीषा लेघा, कोलायत के लिए उपनिवेशन विभाग की उपयुक्त शारदा चौधरी, लूणकरनसर के लिए जिला रसद अधिकारी वीरेंद्र चौधरी, श्रीडूंगरगढ़ के लिए भू प्रबंधन अधिकारी सबीना बिश्नोई तथा नोखा के लिए सहायक कलेक्टर सुमन शर्मा को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी प्रभारी अधिकारी अपने प्रभार वाले क्षेत्र में संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी से समन्वय करते हुए कम प्रगति वाले बूथ लेवल अधिकारियों की सूची प्राप्त करेंगे। जिन मतदान केन्द्रों पर इपी रेशो तथा जेंडर रेशो कम पाया जाता है। उन क्षेत्रों का भ्रमण करके लक्ष्य के अनुसार फॉर्म 6 प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्धारित प्रारूप में जानकारी उपलब्ध करवानी होगी।

# डेंगू का प्रकोप जारी, 12 नए मरीज पॉजिटिव रिपोर्ट

- **पिछले 11 महीनों में डेंगू के 893 केस पॉजिटिव रिपोर्ट हो चुके हैं**
- **डेंगू के साथ चिकनगुनिया लक्षणों वाले मरीज भी आ रहे हैं**

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में डेंगू वायरल बुखार लोगों का पीछा नहीं छोड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज से मिली रिपोर्ट में 12 नए पॉजिटिव केस सामने आये हैं। इसमें 10 बीकानेर शहरी क्षेत्र तथा 2 दूसरे जिलों के पेशेंट हैं। हैल्थ डिपार्टमेंट के अनुसार पिछले 11 महीनों में डेंगू के 893 केस पॉजिटिव रिपोर्ट हो चुके हैं।

डेंगू के साथ-साथ पीबीएम, जिला एसडीएम और गंगाशहर स्थित सैटेलाइट हॉस्पिटल में चिकनगुनिया लक्षणों वाले मरीजों की संख्या भी बहुतायत में पहुंच रही है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि सरकारी आंकड़ों में चिकनगुनिया का एक भी नया मरीज पिछले एक सप्ताह में पॉजिटिव रिपोर्ट नहीं हुआ है। हाथ-पैरों और घुटनों में दर्द की शिकायत लेकर पहुंचने वाले मरीजों को डॉक्टर्स भी अब चिकनगुनिया की दवा ही दे रहे हैं। गोगागेट निवासी पवन शर्मा ने बताया कि डेंगू को लेकर जिला प्रशासन और हैल्थ डिपार्टमेंट को महत्वपूर्ण कदम उठाने की जरूरत है। जिस हिसाब से शहर में डेंगू और चिकनगुनिया फैल रहा है। उससे जाहिर होता है कि प्रशासन इसे लेकर अलर्ट नहीं है। केवल कागजी कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन और हैल्थ डिपार्टमेंट को डेंगू के लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।

बुखार, सिरदर्द, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, त्वचा पर चकते, प्लेटलेट्स में गिरावट आदि हो सकते हैं। मच्छरों को नियंत्रित करने के लिए कीटनाशकों का उपयोग करना, मच्छरदानी का उपयोग करना, पूरे शरीर को ढककर रखना, पानी के स्त्रोतों को ढककर रखना। डेंगू और चिकनगुनिया को हल्के में लेना खतरनाक साबित हो सकता है। इन बीमारियों के लक्षण दिखाई देने के साथ ही इसका इलाज शुरू करवा देना चाहिए।

मरीजों स्वयं दवाईयों की खरीद कर उपयोग नहीं करें। असल में चिकनगुनिया और डेंगू के दौरान कुछ दवाईयां नहीं लेनी होती है, लेकिन मरीज बिना डॉक्टर की सलाह पर दवाईयां लेनी शुरू कर देते हैं। बीकानेर में डेंगू के साथ-साथ चिकनगुनिया लक्षणों वाले मरीज भी लगातार हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं। कई बार रिपोर्ट निगेटिव आती है, लेकिन लक्षण चिकनगुनिया वाले ही होते हैं। उनका इलाज भी चिकनगुनिया को आधार मानकर किया जाता है।

## आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं नेत्र जांच शिविर

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा यूनिवर्सिटी-सोशल रिस्पोंसिबिलिटी के तहत गोद लिए गांव कतरियासर में शनिवार को आयुर्वेदिक विभाग बीकानेर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन गोदारा एवं ए.एस.जी. आई हॉपिटल के डॉ. कपिल चौहान के निर्देशन में शिविर का आयोजन किया।

शिविर में 178 ग्रामवासियों का नेत्र व स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकता अनुसार आयुर्वेदिक दवाईयों का वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान मौसमी बीमारियों से बचाव के सुझाव दिए गए। इस शिविर में ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। प्रभारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर कतरियासर डॉ. प्रेमाराम ने ग्रामवासियों को प्रमुख मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया इत्यादि के बचाव एवं उपचार के बारे में जागरूक किया। चिकित्सा शिविर का प्रबंधन डॉ. सुनिल कुमार, सहायक आचार्य डेयरी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय बीकानेर ने किया।

# करमीसर में सरकारी जमीन पर प्लॉट काटे

- **पांच जनों के खिलाफ बीछवाल थाने में मामला दर्ज**
- **सरकारी जमीन को स्वयं की कृषि भूमि बता रजिस्ट्री कराई**

बीकानेर, (कासं)। करमीसर और मुरलीधर व्यास कॉलोनी क्षेत्र में जमीन की लगातार बढ़ती कीमतों के बीच सरकारी जमीन पर भी कॉलोनी बनाकर बेचने का मामला सामने आया है।

आरोप है कि कुछ लोगों ने साथ मिलकर सरकारी जमीन पर प्लॉट काटकर बेच दिए। साढ़े छह लाख रूपए इस जमीन के बदले वसूल किए गए। बीछवाल पुलिस इस पूरे मामले की छानबीन कर रहा है। अम्बेडकर कॉलोनी में रहने वाली इंद्रा शर्मा पत्नी उमाशंकर उपाध्याय ने इस संबंध में एफआईआर करवाई है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि करमीसर की एक सरकारी जमीन को स्वयं की कृषि भूमि बताकर तीन प्लॉट ए-10, 16 और 17 उसे बेच दिए गए। इन तीनों प्लॉट की कीमत के रूप में छह लाख पचास हजार रूपए वसूले गए। इस जमीन की 14 फरवरी को रजिस्ट्री हुई।

अब इसी रजिस्ट्री के आधार पर प्रदीप अग्रवाल निवासी सुभाषपुरा, जाकिर हुसैन निवासी घड़सीसर, पूनम कुमावत निवासी अम्बेडकर कॉलोनी, दीपक कुमावत निवासी अम्बेडकर कॉलोनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

इसके अलावा मामले में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लोगों का जिक्र किया गया है। नाम चार ही दिए गए हैं। पुलिस जांच में कुछ नाम और सामने आ सकते हैं। दरअसल बीकानेर के करमीसर, मुरलीधर व्यास नगर और गेबना पीर रोड पर नई कॉलोनियां बन रही है। क्षेत्र में जमीनों की खरीद फरोख्त से पहले कागजों की सही जांच नहीं होने से धोखाधड़ी भी हो रही है।

# कोटगेट रेलवे क्रॉसिंग बंद रहने से परेशान

- **शाम को सवा छह बजे बंद हुआ कोटगेट और सांखला गेट रेलवे क्रॉसिंग पौने घंटे से भी ज्यादा बंद रहे**

**बीकानेर,** (कासं)। शाम को सवा छह बजे बंद हुआ कोटगेट और सांखला गेट रेलवे क्रॉसिंग पौने घंटे से भी ज्यादा बंद रहे। बाड़मेर से ऋषिकेश के लिए चलने वाली गाड़ी को पास करवाने के लिए बंद किए रेलवे क्रॉसिंग के गेट गाड़ी गुजरने के बाद भी करीब 25 मिनट बाद खुले।

रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण कोटगेट के दोनों साइडों के साथ रेलवे स्टेशन रोड़ तक करीब 500-500 मीटर तक जाम लग गया। इस जाम में फंसे बच्चों को ज्यादा मुश्किलें उठानी पड़ी। गाड़ी गुजरने के बाद भी रेलवे क्रॉसिंग बंद रहने के कारण क्रॉसिंग में फंसे लोगों ने गेट मैन से पूछने का प्रयास किया लेकिन उसने जानकारी नहीं होना बताया। इस दौरान जाम में खड़े कांग्रेस नेता संजय आचार्य ने कहा कि बीकानेर का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस के राज में यहां अंडरपास मंजूर हुआ लेकिन यहां के व्यापारियों के विरोध के कारण नहीं बन पाया। गेट खुलने के बाद करीब 10 मिनट तक इन रास्तों पर जाम लगा रहा। इस दौरान यहां पर यातायात कंट्रोल करने के लिए यातायात पुलिस नहीं थी।

## मोबाइल की दुकान में चोरी

**नोखा,** (कासं)। चोरों ने मोबाइल की दुकान में सेंधमारी कर हजारों रूपए के मोबाइल चोरी कर लिए। पीड़ित दुकानदार ने थाने में मामला दर्ज कराया है।

दुकान मालिक नोखा के वार्ड 44 निवासी श्याम सुन्दर जाट ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी एक दुकान जय श्री मोबाइल एवं रिपेयरिंग सेंटर लखारा चौक में स्थित है। जो 21 नवम्बर की रात्रि में 8.15 बजे दुकान बढ़ाकर घर चला गया था। सुबह करीब 4.54 बजे पर पहरेदार का फोन आया कि आपकी दुकान का ताला टूटा हुआ है तो वो घर से आया तो देखा उसकी व पड़ौस की दुकान के ताले टूटे हुए थे। दुकान के अन्दर गए तो देखा कि उसकी दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। दुकान में रखे नये और अन्य सामान लेकर फरार हो गए।

# खिलाड़ियों के लिए अनशन पर बैठे दानवीर को जबरन उठाया

- **खिलाड़ियों का डाइट मनी बढ़ाने की मांग को लेकर दानवीर अनशन पर बैठे थे**
- **महज सौ रूपए प्रतिदिन के हिसाब से डाइट दी जा रही है**

**बीकानेर,**(कासं)। प्रदेश के एकमात्र सरकारी स्पोर्ट्स स्कूल की बदहाली के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे नेशनल प्लेयर दानवीर सिंह भाटी को पुलिस ने जबरन उठाकर पीबीएम अस्पताल पहुंचाया। जहा ड्रिप चढ़ाने के साथ ही अनशन टूट गया है। अब दानवीर की जगह दूसरे खिलाड़ी को अनशन पर बिठाया जा रहा है।

स्पोर्ट्स स्कूल के खिलाड़ियों को महज सौ रूपए की डाइट देने के खिलाफ दानवीर 18 नवम्बर को अनशन पर बैठे थे। इसके बाद से उनके स्वास्थ्य में गिरावट आती जा रही थी। शनिवार सुबह डॉक्टर की टीम ने उनकी जांच की। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दानवीर को वहां से हटाना चाहा लेकिन वे नहीं हटे। इस पर जबरन गाड़ी में डालकर पीबीएम अस्पताल ले गए। जहां उनका इलाज शुरू करवाया गया।

राजस्थान बॉस्केटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष दानवीर सिंह भाटी का आरोप है कि शिक्षा विभाग की उदासीनता के खिलाफ पिछले 5 साल से आंदोलन लगातार जारी है। इसमें बीकानेर के जनप्रतिनिधि , वरिष्ठ प्रबुद्ध नागरिक व समाजसेवी व आमजन व खिलाड़ी शामिल हैं। दानवीर की मुख्य मांग डाइट मनी को बढ़ाने की है।

वर्तमान में महज सौ रूपए प्रतिदिन के हिसाब से डाइट दी जा रही है। खिलाड़ी को हर रोज कम से कम तीन सौ रूपए डाइट चाहिए। ऐसे में भोजन भत्ते में बढ़ोतरी होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय किया गया है।

# महाराष्ट्र व राजस्थान उप चुनाव में भाजपा की जीत पर जश्न मनाया

**बीकानेर,** (कासं)। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत ओर प्रदेश उप चुनाव में सात में से पांच सीट पर भाजपा प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा जिला कार्यालय पर शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अगुवाई में विधायक जेठानंद व्यास की उपस्थिति में पार्टी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

इस अवसर पर शहर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने उप चुनाव में भाजपा की जीत का श्रेय प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, सीएम भजनलाल शर्मा और पार्टी कार्यकर्ताओं को जाता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर पूरे देश में विद्यमान है। जिस प्रकार की स्पष्ट नीति के साथ वे देश में शासन कर रहे हैं और देश को विकास के रास्ते पर ले जा रहे हैं। 2047 तक वह भारत को विकसित भारत बनाना चाहते हैं। इस



**महाराष्ट्र व राजस्थान उपचुनाव में भाजपा की जीत पर भाजपाईयों ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिला खुशी मनाई।**

बात को देश की जनता के साथ महाराष्ट्र की जनता ने भी समझा है। राजस्थान उप चुनाव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर जनता ने भरोसा जताया है और भाजपा ने झुंझुनूं, खींवसर, देवली-उनियारा, सलूंबर, रामगढ़ 5 सीटों पर जीत दर्ज की है ये ऐतिहासिक है।

- **राजस्थान में भाजपा 5 सीटों पर जीती**

विधायक जेठानंद व्यास ने कहा उपचुनाव में पार्टी का छोटा से छोटा एवं बड़ा से बड़ा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ एकजुट होकर मजबूती के साथ चुनाव लड़े। इसका परिणाम है भाजपा 5 सीटों पर विजय हुई है। कांग्रेस की गुटबाजी का नतीजा है कि कांग्रेस प्रत्याशी अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए। जश्न में महामंत्री मोहन सुराणा, श्यामसुंदर चौधरी, नरेश नायक, श्यामसुंदर पंचारिया, महेश मूंड, उपाध्यक्ष हनुमान सिंह चावड़ा, विजय उपाध्याय, जितेंद्र राजवी, भगवान सिंह मेड़तिया, मंत्री मनीष सोनी, सांगीलाल गहलोत, भारती अरोड़ा, जगदीश सोलंकी, चंद्रमोहन जोशी, विनोद करोल आदि मौजूद थे।

# बीकानेर और सूरतगढ़ से रामेश्वरम् रवाना होंगे 780 यात्री

**हनुमानगढ़,**(कासं)। राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 अन्तर्गत विशेष रेलगाड़ी हनुमानगढ़ से रामेश्वरम-मदुरई वाया सूरतगढ़-बीकानेर 26 नवम्बर को सुबह 11.15 बजे हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन से रवाना होगी।

इस गाड़ी में हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन से 300, सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन से 300 और बीकानेर रेलवे स्टेशन से 180 कुल 780 यात्री यात्रा में सवार होंगे। इन 780 यात्रियों को उक्त तीनों रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के लिए सूचित किया जा रहा है ताकि सभी प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सकें। सहायक आयुक्त, हनुमानगढ़ के अधीन हनुमानगढ़ जिले के यात्रियों को हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर सुबह 6 बजे, श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ जिले के यात्रियों को सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन पर सुबह 8 बजे और बीकानेर रेलवे स्टेशन पर बीकानेर जिले के यात्रियों को शाम 4.30 बजे से रिपोर्ट करना है। यात्रा में सभी यात्रियों की देखरेख के लिए 1 ट्रेन प्रभारी, प्रत्येक कोच में एक डॉक्टर और 2 नर्सिंग अधिकारी भी रहेंगे, जो यात्रा के दौरान यात्रियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे।

यात्री अपने साथ ऑनलाइन भरे गए आवेदन-पत्र की हार्ड कॉपी चिकित्सीय प्रमाण-पत्र), मूल जनआधार/आधार कार्ड/दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3726 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22.11..2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महेन्द्र प्रताप पुत्र श्री रामनारायण निवासी दौलतपुरा चक 3 क्यू मिर्जेवाला, तहसील व जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 4 ई छोटी मुरब्बा नं. 36 किला नं. 21 में माप 40 इंटू 65 फीट भू.सं. क्यू-13 रिद्धि-सिद्धि आशियाना, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 22122 दिनांक 26.9.2023 को श्रीमती दीपिका पत्नी श्री महेन्द्र सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री महेन्द्र प्रताप द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 24.10.2024 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री महेन्द्र प्रताप पुत्र श्री रामनारायण निवासी दौलतपुरा चक 3 क्यू मिर्जेवाला, तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यायल समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1043 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाना ही डॉ. टैस्सीटोरी को सच्ची श्रद्धांजलि : रंगा


लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन में अनेक महिला एवं पुरूष एवं युवाओं को राजेश रंगा ने राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने का संकल्प दिलाया।

- राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता दिलाने के लिए महिला-पुरूष एवं युवाओं ने संकल्प लिया

**बीकानेर,** (कासं)। हमारी मातृभाषा राजस्थानी को संवैधानिक मान्यता एवं दूसरी राजभाषा का वाजिब हक दिलाने के लिए प्रज्ञालय संस्थान एवं राजस्थानी युवा लेखक संघ द्वारा गत साढ़े चार दशकों से चली आ रही परंपरा के चलते महान इटालियन विद्वान राजस्थानी पुरोधा डॉ. लुईजि पिओ टैस्सीटोरी की 105 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय ओलू समारोह के दूसरे दिन आज प्रात: लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन में अनेक राजस्थानी महिला एवं पुरूष एवं युवाओं ने मान्यता का संकल्प लिया।

राजस्थानी के समर्थक राजेश रंगा ने कहा कि हमें हमारी मां, मातृभुमि एवं मातृभाषा के प्रति सजग रहकर मान-सम्मान करना चाहिए। हमारी मातृभाषा जिसका हजारों वर्षों पुराना साहित्यिक-सांस्कृतिक वैभवपूर्ण इतिहास है। साथ ही हमारी मातृभाषा राजस्थानी भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से सभी मानदण्डों पर खरी उतरती है। ऐसे में हमारी मातृभाषा को शीघ्र मान्यता केन्द्र व राज्य सरकार को देनी चाहिए।

रंगा के इस कथन पर महिला पुरूष एवं युवा राजस्थानी समर्थकों ने समर्थन किया। युवा भवानी सिंह ने कहा कि राजस्थानी भाषा भारतीय भाषाओं में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है। ऐसी भाषा की अनदेखी करना दुखद पहलू है। अब सरकारों को भाषा के प्रति अपना संवेदनशील एवं सकारात्मक व्यवहार रखते हुए भाषा की मान्यता पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

दो दिवसीय ओलू समारोह के संयोजक राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार एवं राजस्थानी मान्यता आंदोलन के प्रवर्तक कमल रंगा ने कहा कि राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता मिलना एवं दूसरी राजभाषा बनना ही डॉ. टैस्सीटोरी को सच्ची श्रद्धांजलि है। रंगा ने आगे कहा कि करीब आधी सदी से प्रज्ञालय एवं राजस्थानी युवा लेखक संघ डॉ. टैस्सीटोरी के राजस्थानी के समग्र क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का जन-जन तक ले जाने का सकारात्मक प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवा संस्कृतिकर्मी आशीष रंगा ने बताया कि आज प्रात: महिला पुरूष और युवा के साथ-साथ सैकड़ों बालक-बालिकाओं को राजस्थानी मान्यता एवं मातृभाषा को जीवन व्यवहार में अधिक से अधिक प्रयोग करने के साथ मातृभाषा राजस्थानी के प्रति अपने आत्मिक एवं भावनात्मक भाव के साथ मान्यता संकल्प दिलवाया गया। इस अवसर पर संकल्प के प्रति अपना समर्थन जताने के साथ कई बालक-बालिकाओं ने मातृभाषा राजस्थानी से संबंधित छोटी-छोटी राजस्थानी भाषा की बाल कविता का वाचन भी किया।

राजस्थानी मान्यता संकल्प के इस आत्मिक एवं भावनात्मक आयोजन में अलका, बबीता, सीमा पालीवाल, मीनाक्षी व्यास, सीमा स्वामी, हेमलता व्यास प्रीति राजपुत, चन्द्रकला, किरण, गिरधर गोपाल जोशी, प्रतापसिंह, मुकेश देराश्री, किशोर जोशी, उमेश सिंह, रमेश हर्ष, राजकुमार, श्रीकिशन, मुकेश स्वामी, आनन्द दम्माणी, मुकेश तंवर, अशोक शर्मा, सुनील व्यास, महावीर स्वामी, कार्तिक मोदी, तोलाराम सारण, हेमलता व्यास, सीमा पालीवाल, नवनीत व्यास सहित अनेक राजस्थानी भाषा मान्यता के समर्थकों ने कहा कि अब समय आ गया है कि राजस्थानी को उसका वाजिब हक मिले।

## डूंगर कॉलेज की टीम विजेता रही

**नोखा,** (कासं)। मांगीलाल बागडी राजकीय कॉलेज नोखा में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता पुरुष बीकानेर जोन का शुभारंभ किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसएन राजपुरोहित के द्वारा श्रीबालाजी खेल मैदान चरकड़ा बाइपास नोखा में इसका उद्घाटन किया गया।

प्रतियोगिता में बीकानेर जोन के विभिन्न महाविद्यालयों से दस टीमें भाग ले रही हैं। आयोजन सचिव डॉ. रामकिशन चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम दिन प्रथम चरण में पहला मैच राजकीय महाविद्यालय गंगाशहर तथा मुरली सिंह यादव मेमोरियल कॉलेज बीकानेर के मध्य हुआ। जिसमें राजकीय महाविद्यालय, गंगाशहर विजयी रही। दूसरा मैच राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर तथा राजकीय महाविद्यालय देशनोक के बीच हुआ जिसमें राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर की टीम विजेता रही। तीसरा मैच बेसिक महाविद्यालय बीकानेर तथा श्रीडूंगरगढ़ महाविद्यालय के बीच हुआ। जिसमें श्रीडूंगरगढ़ महाविद्यालय की टीम विजेता रही।

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की ओर से धर्मवीर सिंह शेखावत पर्यवेक्षक तथा दिलकान्त माचरा खेल विशेषज्ञ के रूप में मौजूद रहे। प्रतियोगिता में राजकुमार पूनिया तथा रामकिशन खीचड़ ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। इस दौरान डॉ रणवीर सिंह, डॉ मुकेश शर्मा, विशाल सगतानी, सुमित्रा देवल मौजूद थे।

## सार-समाचार

### तीरंदाजी टीम सलेक्शन का ट्रायल


खेल विभाग के शासन सचिव नीरज के. पवन ने अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का सम्मान किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान सीनियर तीरंदाजी टीम के सलेक्शन ट्रायल का आयोजन शनिवार को एमएम ग्राउंड में किया गया। खेल और युवा मामलात विभाग के शासन सचिव और राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन ने इसका अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जिले में तीरंदाजी का भविष्य उज्ज्वल है। क्रीड़ा परिषद तीरंदाजी को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं बना रही है। उन्होंने तीरंदाजी एसोशिएशन की पेपरलेस प्रक्रिया की सराहना की और कहा कि दूसरे खेल संगठनों को भी इसके लिए प्रेरित किया जायेगा। ट्रायल में राजस्थान के 195 तीरंदाजों ने हिस्सा लिया। जिनमें 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी शामिल हैं। चयन समिति के अध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि सलेक्शन ट्रायल के पहले दिन रिकर्व इंडियन राउंड की महिला और पुरूष श्रेणियों की ट्रायल आयोजित की गई। दूसरे दिन रविवार को कंपाउंड राउंड की ट्रायल होगी। ट्रायल में सफल खिलाड़ी झारखंड में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के दौरान अर्जुन पुरस्कार विजेता रजत चौहानए पैरा ओलंपिक खिलाड़ी श्याम सुंदर स्वामी और अन्य 20 अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि व कथाकार राजेंद्र जोशी ने की। उन्होंने कहा कि बीकानेर में तीरंदाजी के सतत आयोजनों से नवोदित खिलाडियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद और राजस्थान तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित सिलेक्शन ट्रायल से बीकानेर को तीरंदाजी के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन ज्योति प्रकाश रंग ने किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक जनसंपर्क हरिशंकर आचार्य, सुबेर देवनाथ, भंवर लाल व्यास, रविकांत भाटी, रविंद्र हर्ष और आशीष आचार्य आदि मौजूद थे।

### नवनिर्मित टीनशैड का लोकार्पण


पुराने कोर्ट परिसर में विधायक जेठानंद व्यास ने अधिवक्ताओं के लिए नवनिर्मित टीनशैड का लोकार्पण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। बार एसोसिएशन द्वारा पुराने कचहरी परिसर में बीएसएनएल ऑफिस के सामने की ओर अधिवक्ताओं के बैठने एवं लिटिगेट्स के लिए नवनिर्मित टीनशैड का लोकार्पण शनिवार को बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानन्द व्यास ने किया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष रघुवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि वकीलों के बैठने एवं लिटिगेट्स के लिए शेड व पक्की चौकी निर्माण करवाया गया है। इस अवसर पर विधायक ने कहा गया कि अधिवक्ता समाज के बौद्धिक प्रतिनिधि हैं। वकील पीडि़त वर्ग को कानूनी न्याय दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बीकानेर के अधिवक्ताओं ने देशभर में विशेष पहचान हासिल की है। न्यायिक सेवाओं में बीकानेर का बड़ा प्रतिनिधित्व है। बार एसोसिएशन सचिव भंवरलाल बिश्नोई ने अधिवक्ताओं से जुड़ी आवश्यक मांगों, हाईकोर्ट बैंच की स्थापना, कचहरी परिसर स्थित पोस्ट ऑफिस के जीर्णोद्धार, अधिवक्ता कॉलोनी आदि के बारे में बताया। समारोह में बार सभापति आर. के. दास गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रहलाद जाखड़, गणेश चौधरी, सुरेन्द्रपाल शर्मा, रविकांत वर्मा, धन्ने सिंह राठौड़, कुलदीप शर्मा, हनुमानाराम बिश्नोई, मांगीलाल बिश्नोई, ओमप्रकाश बिश्नोई, रवि भाटी, किशोर सिंह शेखावत, हरनाथ सिंह, नरेन्द्र सिंह शिमला, रूपेन्द्र सिंह राठौड़, रतन सिंह राठौड़, जे.पी. व्यास, राजा सेवग, मुरली मनोहर व्यास आदि मौजूद थे।

### पांच आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विधायक ताराचंद सारस्वत की अनुशंसा पर 5 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति मिली हैं। इस स्वीकृति के लिए विधायक ताराचंद सारस्वत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ के ग्राम गुसाईसर बड़ा, सूरजनसर, इन्दपालसर बड़ा, बिग्गा आए हेमासर में नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में विकास के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दिए गए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुसार विकसित राजस्थान 2047 के लिए काम कर रहा है।

# अम्बेडकर भवन से मेयर हाउस तक सड़क के टेंडर में विवाद

- सड़क निर्माण को लेकर नगर निगम व यूआईटी में टेंडर पर विवाद शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। यूआईटी ने सड़क बनाने का टेंडर दीनदयाल सर्किल से अम्बेडकर भवन तक का किया है। जबकि निगम ने दीनदयाल सर्किल से मेयर हाउस तक का टेंडर किया है। इस टेंडर पर नगर निगम में विवाद भी शुरू हो गया है।

दो साल पहले फर्नीचर वाली रोड धंसी थी। नगर निगम इसे दो साल में भी नहीं बना पाया। यहां से रोज लगभग 50 हजार लोग गुजरते हैं। सिर्फ 25 लाख का खर्चा है। हैरानी इस बात की है कि गंगाशहर, पवनपुरी, व्यास कॉलोनी, मुरलीधर व्यास कॉलोनी समेत हनुमानहत्था, गिन्नाणी समेत पूरे शहर की सड़कों की मरम्मत नहीं हो रही है। मगर दीनदयाल सर्किल से अम्बेडकर भवन और मेयर हाउस तक सड़क इतनी महत्वपूर्ण हो गई कि वहां दो-दो विभाग मेहरबान हैं। दोनों विभागों ने मिलकर इस सड़क पर 2.35 करोड़ के टेंडर लगाये हैं।

दीनदयाल सर्किल से करणीनगर वाली रोड स्कीम एरिया है। ये यूआईटी का इलाका है। यूआईटी ने 90 लाख के दो टेंडर लगाए। ये भी सही है कि ये सड़क कई जगह से धंसी और टूटी हुई है। मगर नगर निगम ने इसी सड़क पर 1.45 करोड़ के टाइल्स और डिवाइडर लगाने का टेंडर कर दिया। जबकि ये काम यूआईटी को करना था। नगर निगम की खुद की 1064 सड़कें टूटी हैं। गंगाशहर, भीनासर, श्रीरामसर, मुरलीधर, पवनपुरी, व्यास कॉलोनी मुख्य मार्ग के अलावा अंदर की एक भी सड़क ऐसी नहीं जहां गड्ढे ना हों।

मुक्ताप्रसाद चौराहे से लालगढ़ रेलवे स्टेशन तक एक किलोमीटर लम्बी रोड पर पांच मीटर तक का भी हिस्सा ऐसा नहीं है जहां गड्ढा ना हो। श्रीगंगानगर रोड अनाज मंडी से मुक्ताप्रसाद, सर्वोदय बस्ती रोड, जैसलमेर रोड, कोठारी हॉस्पिटल रोड, जस्सूसर गेट से एमएम ग्राउंड, जवाहर नगर, अंत्योदय नगर, मुरलीधर कॉलोनी रोड से होते हुए नत्थूसर गेट तक की सड़कों की ज्यादातर सड़कें बदहाल हैं। कोठारी हॉस्पिटल से जस्सूसर गेट तक की रोड तो सालभर से टूटी पड़ी है। एमएम ग्राउंड से जवाहर नगर होते हुए जैसलमेर रोड पर करीब एक किलोमीटर लम्बे रास्ते को तय करने में सामान्य तौर पर 3 मिनट लगते हैं। लेकिन गड्ढों के कारण 10 से 12 मिनट का समय लग रहा है।

पवनपुरी की सड़कों की हालत सबसे ज्यादा खराब है। शनि मंदिर से नागणेची मंदिर जाने वाली रोड पानी की टंकी के सामने जर्जर हो चुकी है। पिछले दिनों कुछ गड्ढों में मिट्टी डालकर भरा गया था। लेकिन अब उनमें से मिट्टी गायब हो चुकी है। शास्त्री नगर से आगे पवनपुरी में नागणेचीजी स्कीम में बने पार्क के पास से मेन मार्केट की ओर जाने वाली करीब 300 मीटर की सड़क पर 40 से ज्यादा गड्ढे हैं। इस सड़क पर चार-पांच जगह तो इतने गहरे गड्ढे हैं कि फोर व्हीलर का निकलना मुश्किल हो गया है। पॉश कॉलोनी की गलियों में बनी एक भी सड़क ऐसी नहीं है जो पूरी तरह से ठीक हो।

## सैम्पल सब स्टैंडर्ड, दो लाख का जुर्माना

**अनूपगढ़,** (कासं)। रावला मंडी में मिष्ठान भंडार के रिफाइंड ऑयल की रिपोर्ट सब स्टैंडर्ड पाये जाने पर 2 लाख का जुर्माना लगाया गया।

जिले में खाद्य सुरक्षा एवं चिकित्सा विभाग की ओर से रिफाइंड सोयाबीन तेल के सैंपल लिए गए थे। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अशोक सांगवा ने विक्रेता एवं मालिक पर 2 लाख रूपए का जुर्माना लगाया है। एडीएम ने बताया कि राजूराम पुत्र भंवरलाल की रावला मंडी के वार्ड नंबर 13 में जंभेश्वर मंदिर के पास खाजूवाला रोड पर बालाजी मिष्ठान भंडार है। जिसका 22 सितम्बर 2023 को तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नमकीन और समोसे बनाने के लिए उपयोग में लिए जा रहे रिफाइंड सोयाबीन ऑयल के एक-एक किलो के चार डिब्बों का सैंपल लिया। लिए गए सैंपल को जांच के लिए बीकानेर खाद्य प्रयोगशाला में भिजवाया गया। सैंपल की रिपोर्ट सब स्टैंडर्ड आने पर शुक्रवार को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अशोक सांगवा ने फैसला सुनाते हुए फर्म पर 2 लाख रूपए का जुर्माना लगाया है।

# सरप्लस शिक्षकों के पदस्थापन 6 तक

- श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ जिले के सरकारी स्कूलों में 500 शिक्षक अधिशेष चल रहे हैं

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सरकारी स्कूलों में सरप्लस चल रहे शिक्षकों और कार्मिकों के समायोजन को लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। जिला शिक्षा अधिकारियों की ओर से ब्लॉकवार अधिशेष शिक्षकों की सूचियां मंगवाकर तैयार की जा रही हैं। श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ जिले में करीब 500 शिक्षक अधिशेष हैं। राज्य में स्कूल क्रमोन्नत होने और महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में बदलाव होने से करीब 10 हजार शिक्षक अधिशेष चल रहे हैं।

राज्य के विभिन्न स्कूलों में सरप्लस चल रहे शिक्षकों और कार्मिकों का समायोजन 12 दिसम्बर से प्रस्तावित अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पहले होगा। राज्य में स्कूल क्रमोन्नत होने और महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में बदलाव होने से अनेक शिक्षक अधिशेष चल रहे हैं। इन शिक्षकों का रिक्त पदों पर समायोजन किया जायेगा। विभाग की ओर से जारी टाइम फ्रेम के मुताबिक अधिशेष कार्मिकों की पदवार सूचियां 25 नवम्बर तक तैयार की जायेगी और 6 दिसम्बर तक पदस्थापन आदेश जारी होंगे। लेकिन अधिशेष कार्मिकों का पदस्थापन किस प्रक्रिया से किया जायेगा इस संबंध में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए गए दिशा-निर्देश में काउंसलिंग का उल्लेख नहीं है। ऐसे में शिक्षक दुविधा में हैं कि सरप्लस होने पर वरीयता में आने वाले शिक्षकों को कहां लगाया जायेगा यह स्पष्ट नहीं है। बुधवार को शिक्षा विभाग ने 11 हजार शिक्षकों को प्रमोट कर दिया है। इस पदोन्नति सूची में 88 उपाचार्य, 485 प्रधानाध्यापक, 24 उप जिला शिक्षाधिकारी, 20 पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड -1, 3564 प्राध्यापक (विभिन्न विषय ) वर्ष 21 - 22 तथा 6966 प्राध्यापक (विभिन्न विषय ) वर्ष 22-23 शामिल हैं।

# नहर से मिट्टी निकालने के लिए 22 लाख मंजूर

**बीकानेर,** (कासं)। इंदिरा गांधी नहर में मिट्टी के कारण किसान के खेत तक पानी नहीं पहुंच रहा। इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए राज्य सरकार ने बजट जारी किया है। अब ये काम जल्द ही शुरू हो जायेगा। इसके लिए खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने राज्य के आला अधिकारियों से संपर्क किया था। अब इस बजट के लिए आदेश जारी हो गए हैं।

नहर की डी-सिल्टिंग के लिए 22 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल के प्रयासों से इंदिरा गांधी नहर परियोजना की केजेडी नहर को जीरो से टेल तक डी-सिल्टिंग करवाने के लिए सिंचाई विभाग ने 22 लाख 23 हजार 17 रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। केजेडी नहर के किसानों की ज्वलंत समस्या को देखते हुए उन्होंने आईजीएनपी के मुख्य अभियंता मार्कण्डेय से दूरभाष पर बात करते हुए किसानों को राहत दिलाने के के निर्देश दिए थे। जिसके तहत केजेडी और उससे आगे मिट्टी के कारण बारी के बावजूद किसान को पानी नहीं मिल रहा है। जिससे फसल सूख सकती है। इस बार नहर तीन हिस्सों में बांटकर एक बारी पानी देने रेगुलेशन जारी हो चुका है।

## मैरिज पैलेस-होटलों की जांच

**हनुमानगढ़,**(कासं)। शादी-विवाह के सीजन में होटब-रेस्टोरेंट में बिना स्वीकृति के मदिरा परोसे जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आबकारी विभाग अलर्ट मोड पर है। विभाग की टीमों की ओर से रोजाना शहर के मैरिज पैलेस, होटल-रेस्टोरेंट आदि में जांच की जा रही है।

आबकारी विभाग की टीमों ने तीन-चार होटल, बार, मैरिज पैलेस आदि में जांच की। हालांकि वहां पर बिना अनुमित के ग्राहकों को शराब परोसने आदि का मामला सामने नहीं आया। आबकारी थाना हनुमानगढ़ के प्रहराधिकारी विनोद कुमार के अनुसार टीमों की ओर से पंजीकृत मैरिज पैलेस आदि में जांच की जा रही है।

# एस.पी. से एईएन एवं लाइनमैन की गिरफ्तारी की गुहार

- महिला कर्मचारी ने डिस्कॉम एईएन हरीशचंद्र ढालिया और लाइनमैन राजेंद्र सीकर पर अश्लील बातें, गंदे इशारे और छेड़छाड़ करने के गंभीर आरोप लगाए थे

**हनुमानगढ़,** (कासं)। डिस्कॉम कार्यालय में यौन उत्पीड़न के मामले में पीड़ित महिला कर्मचारी ने एसपी से त्वरित कार्रवाई की गुहार लगाई।

पीड़िता का कहना है कि उस पर राजीनामा के लिए दबाव बनाया जा रहा है और राजीनामा नहीं करने पर धमकियां दी जा रही है। इस मामले में आरोपी एईएन हरीशचंद्र ढालिया व लाइनमैन (मीटर लैब) के पद पर कार्यरत भारतीय मजदूर यूनियन लीडर राजेंद्र सीकर की त्वरित गिरफ्तारी कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

पीड़िता का कहना है कि अगर जल्द ही गिरफ्तारी नहीं की गई तो वह धरने पर बैठेगी। पुलिस इस मामले में गहनता से जांच कर रही है। मामले की जांच सीओ एससी-एसटी सैल रणवीर सांई कर रहे हैं।

गौरतलब है कि महिला कर्मचारी ने डिस्कॉम एईएन हरीशचंद्र ढालिया और लाइनमैन राजेंद्र सीकर पर काफी समय से तंग-परेशान करने और जब भी आवश्यक कार्य के लिए उसे छुट्टी चाहिए होती है, तब कमरे में बुलाकर अश्लील बातें, गंदे इशारे और छेड़छाड़ करने के गंभीर आरोप लगाए थे। इस पर महिला थाना पुलिस ने केस दर्ज कराया था। वहीं एईएन ने आरोपों को निराधार बताया था।

# भगवान मुनि सुव्रत स्वामी जिनालय में प्रतिष्ठा महा महोत्सव शुरू


भगवान मुनि सुव्रत स्वामी जिनालय में प्रतिष्ठा महा महोत्सव में पूजन करते श्रावक-श्राविकाएं।

- नूतन जिनालय के साथ भगवान पदम प्रभु व दादाबाड़ी में 18 अभिषेक
- पूजन व अभिषेक में विधिकारकों के साथ आचार्यश्री व मुनिवृंद ने मंत्रोच्चारण किया तथा भक्ति गीत प्रस्तुत किए

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज आदि ठाणा व साध्वीश्री विजय प्रभा व प्रभंजनी आदि ठाणा नाल गांव में मुनि सुव्रत स्वामी के प्राचीन मंदिर में चार दिवसीय प्रतिष्ठा महा महोत्सव आयोजित किया जायेगा।

जैन श्वेताम्बर ओसवाल श्रीसंघ खरतरगच्छ ट्रस्ट के अध्यक्ष रतन लाल नाहटा ने बताया कि प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत शनिवार को स्नात्र पूजा कुंभ, दीपक स्थापना, ज्वारारोपण, वेदिका व क्षेत्रपाल पूजन, दश दिगपाल, अष्ट मंगल पूजन, दोपहर को परमात्मा पदमप्रभु, दादा गुरूदेव जिनकुशल की दादाबाड़ी व मुनिसुव्रत स्वामी के मंदिर में अट्ठारह अभिषेक किया गया। पूजन व अभिषेक में विधिकारकों के साथ आचार्यश्री व मुनिवृंद ने मंत्रोच्चारण किया तथा भक्ति गीत प्रस्तुत किए। रविवार को सुबह सात बजे स्नात्र पूजा, सवा नौ बजे महापूजन, दीप, 25 नवम्बर को पौने सात बजे स्नात्र पूजा, करीब सवा आठ बजे प्रतिष्ठा विधान, पौने बारह बजे शांति स्नात्र व 26 नवम्बर को सुबह सवा छह बजे द्वारा उद्घाटन, सुबह पौने नौ बजे सत्तर भेदी पूजा का आयोजन होगा।

पूजा व अभिषेक में सुश्रावक पुरखचंद, धनराज, दीपचंद डागा, वीरमती देवी पत्नी स्व. भंवर लाल डागा परिवार के सदस्यों, मुख्य लाभार्थी अभय-साधना डागा, आदित्य व युवराज डागा परिवार के साथ अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने भागीदारी निभाई। प्रतिष्ठा महोत्सव के मुख्य लाभार्थी अभय डागा ने बताया कि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह सवा आठ बजे नवकारसी, दोपहर सवा बारह बजे स्वामी वात्सल्य तथा शाम को सवा छह बजे भक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

# नए सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम जैसे श्वान व मुर्गी पालन का सुझाव दिया


वेटरनरी विश्वविद्यालय बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक को कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय की 14 वीं बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक शनिवार को हाईब्रीड मोड़ पर आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित द्वारा की गई। कुलपति आचार्य दीक्षित ने बैठक में कौशल विकास के नये सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम जैसे श्वान पालन, मुर्गी पालन, आपदा प्रबंधन, मिल्क टेस्टिंग आदि शुरू करने का सुझाव दिया जिससे वेटरनरी फील्ड के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों से जुड़े युवाओं को भी लाभ मिल सके। बैठक में शिक्षा और पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता के बारे में विचार-विमर्श किया।

बोर्ड के सदस्य सचिव प्रो. बी.एन श्रृंगी ने बैठक के एजेण्डों को पढ़ा और सदस्यों से विचार विमर्श किया। फैकल्टी चेयरमैन और अधिष्ठाता प्रो. हेमन्त दाधीच ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से आमंत्रित एजेण्डों पर चर्चा की गई। जिनमें स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश आर.पी.वी.टी. के माध्यम से करवाने, नियमित शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के नामांकन में बदलाव, विद्यार्थियों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की पाठ्योत्तर गतिविधियों आदि विषयों पर चर्चा की गई। शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार हेतु विभागाध्यक्षों के विभिन्न सुझावों पर विचार विमर्श कर दिशा निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में कुलसचिव बी.एल. सर्वा, अधिष्ठाता पी.जी.आई.वी.ई.आर. धर्मसिंह मीणा, अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज, नवानिया (उदयपुर) प्रो. बलवन्त मेश्राम, अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज, जोधपुर प्रो. शिव कुमार शर्मा, निजी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक मानव संसाधन विकास प्रो. राहुल सिंह पाल, सहित वेटरनरी कॉलेज के विभागाध्यक्ष और अन्य अधिकारियों ने शिरकत की।

